विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग
प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक बरौनी, बेगूसराय।
अल्पकालीन निविदा

निविदा सूचना सं0 –01/2018–19, दिनांक – 03/12/2018

राजकीय पोलिटेकनिक बरौनी, बेगूसराय में छात्र/छात्राओं के लिये आवश्यक पुस्तकों के क्रय हेतु विभागीय आदेश संख्या – 2350 दिनांक 06/ 09 / 2018 के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। पुस्तकों की आपूर्ति हेतु (द्वि–निविदा प्रणाली के अनुसार) मुहरबन्द लिफाफे में स्पीड पोस्ट / कुरियर या निबंधित डाक द्वारा निबंधित प्रकाशकों / प्रकाशकों के अधिकृत विक्रेताओं/ प्रतिष्ठानों या आपूर्तिकर्त्ताओं से दिनांक 05/01/2019 के संध्या 5:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रणाली के अनुकूल तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में जमा किए जाएंगे। दोनों मुहरबंद लिफाफों को एक बड़े मुहरबंद लिफाफा में डालकर जमा किया जाना है। लिफाफे के उपर निविदा संख्या एवं निविदा जमा करने की अंतिम तिथि स्पष्ट रुप से अंकित होना चाहिए।

तकनीकी निविदा के साथ **PAN CARD /** विगत दो वर्षो का आयकर रिटर्न (**Balance Sheet** सहित) / प्रकाशकों का अधिकृत विक्रेता **Authorisation Certificate/** फर्म के काली सूची में दर्ज नही होने संबंधित शपथ पत्र एवं रूपये 10,000.00(दस हजार) मात्र का **BANK DRAFT** अग्रधन की राशि के रूप में जमा होगा, जो **Principal Government Polytechnic Barauni** के नाम से **Begusarai** में देय होनी चाहिए। उपरोक्त सभी कागजातों की विविरणी निविदादाता के **Letter Pad** पर तकनीकी लिफाफा में जमा करना होगा। अग्रधन क्रय प्रक्रिया पूरा होने के पश्चात वापस कर दी जायेगी। निविदा संबंधि किसी प्रकार की जानकारी असत्य पाए जाने पर अग्रधन की राशि जब्त कर ली जाएगी।

वित्तीय निविदा के रूप में पुस्तकों के मूल्य पर दी जाने वाली छूट **(Discount)** का दर अंकित किया जाना है। नगद या अग्रिम भुगतान अनुमान्य नही होगा। भुगतान पुस्तकों की प्राप्ति, जाँच एवं अग्रधन के समायोजन के उपरान्त किया जायेगा। निविदा या इसके किसी अंश को बिना कारण बताए पूर्णतः या अंशतः स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है। निविदा प्रपत्र एवं पुस्तकों की सूची 17/12/2018 से दिनांक 02/01/2019 के संध्या 04:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में रू0 500.00 (रूपये पाँच सौ) मात्र प्रति निविदा नगद भुगतान कर प्राचार्य के कार्यालय, राजकीय पोलिटेकनिक बरौनी, बेगूसराय से प्राप्त किया जा सकता है। क्रय समिति की बैठक दिनांक 11/01/2019 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में होगी जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी प्रकार की सूचना अलग से नही दी जाएगी।

3.12.18
प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक बरौनी
बेगूसराय।